पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का टेंडर दो दिन में होगा जारी

नव भारत न्यूज

इंदौर। इंदौर शहर के पश्चिम क्षेत्र की बहुचर्चित इंदौर पीथमपुर इकानॉमिक कॉरिडोर सड़क के टेंडर दो दिन में जारी होने की संभावना है। एमपीआईडीसी द्वारा टेंडर बनाकर प्रदेश सरकार के जनसंपर्क विभाग को भेज दिया गया है । टेंडर जारी होने के करीब दो माह बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

एमपीआईडीसी द्वारा इंदौर पीथमपुर इकनॉमिक कॉरिडोर सड़क का निर्माण कार्य अप्रैल महीने अंत में शुरू होने की संभावना है। इसका कारण यह है कि एमपीआईडीसी ने उक्त सड़क का टेंडर जारी करने के लिए प्रदेश के जनसंपर्क विभाग की माध्यम एजेंसी को भेज दिया है। संभवत: अगले दो दिन में माध्यम टेंडर जारी कर देगा।

उक्त योजना में ग्राम नैनोद से पीथमपुर इंडस्ट्रियल एरिया को जोड़ने वाली 250 फीट चौड़ी सड़क बनेगी। इकोनॉमिक कॉरिडोर सड़क में 17 गांव की 1331 हैक्टेयर जमीन ली गई है। सड़क निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने 2360 करोड़ रुपए का प्रावधान भी कर दिया है। इकोनॉमिक कॉरिडोर सड़क को सिंहस्थ के पहले बनाने का लक्ष्य रखा है। ध्यान रहे कि एमपीआईडीसी पश्चिमी क्षेत्र में सुपर कॉरिडोर और एयरपोर्ट से पीथमपुर इंडस्ट्रियल एरिया को जोड़ने के लिए इकोनॉमिक कॉरिडोर सड़क बना रहा है। 20 किलोमीटर लंबी सड़क में 17 गांव के किसानों को विकसित जमीन का 50 प्रतिशत हिस्सा प्लॉट के रूप में आवंटित किया जाएगा।

टेंडर प्रक्रिया पूरी : हिमांशु प्रजापति

एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति ने बताया कि सड़क निर्माण के टेंडर जारी करने की प्रक्रिया पूरी कर दी है। मध्य एजेंसी द्वारा सड़क के टेंडर एक दो दिन में जारी हो जाएंगे। 15 अप्रैल तक टेंडर और अनुबंध प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

नई सड़क से होंगे कई फायदे

- इकोनॉमिक कॉरिडोर सड़क बनने के बाद पश्चिम क्षेत्र एयरपोर्ट से सुपर कॉरिडोर उज्जैन ,जयपुर, कोटा मार्ग से सीधे जुड़ जाएंगे।
- इकोनॉमिक कॉरिडोर से पीथमपुर से सीधे महू नीमच नेशनल हाईवे पर जा सकते हैं।
- इकोनॉमिक कॉरिडोर से पीथमपुर से मानपुर, मुंबई राजमार्ग जुड़ जाएगा।
- आईडीए के एमआर 12 सड़क बनने से इकोनॉमिक कॉरिडोर से सुपर कॉरिडोर होते हुए सीधे देवास नाका से गुना, ग्वालियर, आगरा, शिवपुरी से कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने से समय की बचत होगी।
- इकोनॉमिक कॉरिडोर से इंदौर धार झाबुआ अहमदाबाद जाने की कनेक्टिविटी पीथमपुर से भी उक्त सड़क देगी ।

गिद्धों को रास आई चोरल की पहाड़ियां, एक साल में संख्या दोगुनी

- राज्य स्तर पर भी उत्साहजनक तस्वीर आई सामने

नव भारत न्यूज

इंदौर. कभी आसमान से लगभग गायब हो चुके गिद्ध अब इंदौर वनमंडल के आकाश में फिर से चक्कर लगाते नजर आ रहे हैं. ताजा शीतकालीन गणना के अनुसार गिद्धों की संख्या एक ही साल में दोगुनी हो गई है. यह बदलाव न सिर्फ वन विभाग के लिए राहत भरा है, बल्कि पर्यावरण संतुलन के लिहाज से भी अहम संकेत माना जा रहा है.

इंदौर वनमंडल के वरिष्ठ वन संरक्षक प्रदीप मिश्रा, आईएफएस ने बताया कि चोरल क्षेत्र में सुरक्षित आवास, पर्याप्त भोजन और कम मानवीय हस्तक्षेप के कारण गिद्धों की संख्या तेजी से बढ़ी है. उन्होंने कहा कि यह वृद्धि सुनियोजित संरक्षण, फील्ड मॉनिटरिंग और स्थानीय स्तर पर जागरूकता के प्रयासों का परिणाम है. 20 से 22 फरवरी 2026 के बीच हुई गणना में इंदौर वनमंडल में कुल 151 गिद्ध दर्ज किए. पिछले साल यह आंकड़ा 73 था, यानी एक वर्ष में 78 गिद्धों की बढ़ोतरी हुई है. सभी गिद्ध ईजिप्शियन प्रजाति के पाए गए हैं.

गिद्धों की सबसे ज्यादा चहल-पहल चोरल क्षेत्र में दिखी, जहां अकेले 127 गिद्ध दर्ज किए. इसके मुकाबले महू में 4, मानपुर में 5 और इंदौर रेंज में 15 गिद्धों की मौजूदगी दर्ज हुई. पिछले वर्ष चोरल में सिर्फ 14 गिद्ध मिले थे, जिससे साफ है कि यह इलाका तेजी से सुरक्षित ठिकाने के रूप में उभर रहा है. उपलब्ध जानकारी के अनुसार, राज्य स्तर पर भी तस्वीर उत्साहजनक है. वर्ष 2016 में प्रदेश में 6,999 गिद्ध गिने गए थे. इसके बाद यह संख्या लगातार बढ़ती रही. 2018 में 8,397, वर्ष 2021 में 9,446, फरवरी 2024 में 10,845 और फरवरी 2025 में 12,710 तक पहुंच गई.

सुरक्षित आवास, पर्याप्त भोजन ने निभाई अहम भूमिका

वन अधिकारियों का मानना है कि सुरक्षित आवास, भोजन की उपलब्धता और कम मानवीय हस्तक्षेप ने गिद्धों की वापसी में अहम भूमिका निभाई है. इस बार गणना डिजिटल तरीके से की गई. सुबह के समय उनके बैठने वाले स्थानों और घोंसलों पर मौजूद गिद्धों की गिनती मोबाइल एप के जरिए दर्ज की गई. विशेषज्ञों का कहना है कि 1990 के दशक में डाइक्लोफेनाक दवा के कारण देशभर में गिद्धों की संख्या में भारी गिरावट आई थी. दवा पर प्रतिबंध और लगातार निगरानी के बाद अब हालात सुधरते दिखाई दे रहे हैं. गिद्धों को प्रकृति का सफाईकर्मी कहा जाता है. मृत पशुओं को तेजी से खत्म कर वे संक्रमण फैलने से रोकते हैं. फिलहाल इंदौर वनमंडल में उनकी बढ़ती संख्या पर्यावरण के लिए शुभ संकेत मानी जा रही है. अब नजर इस बात पर रहेगी कि यह वापसी आने वाले वर्षों में कितनी स्थायी साबित होती है.

एक नजर में

प्रोजेक्ट्स टुडे का एआई-संचालित व्यावसायिक प्लेटफॉर्म

इंदौर . प्रोजेक्ट्स टुडे ने भारत के परियोजना इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए एआई-संचालित व्यावसायिक अवसर प्लेटफॉर्म का अनावरण किया . यह नया प्लेटफॉर्म परियोजना जीवनचक्र संदर्भ, निविदाएं और एल1/आदेश अपडेट, तथा हितधारकों की जानकारी को एक सुविधाजनक कार्यप्रणाली में एकीकृत करता है जिससे संगठनों को सही समय पर सही परियोजनाओं से जुड़ने में मदद मिलती है . उन्नत प्लेटफॉर्म व्यावहारिक परिणामों पर केंद्रित एआई-सक्षम विकास प्रस्तुत करता है . इसका उद्देश्य केवल सूचना तक पहुंच से कहीं अधिक व्यापक है . इसका मूल उद्देश्य राष्ट्र निर्माण करने वालों और इसे सक्षम बनाने वाले प्रमोटरों, ठेकेदारों, सलाहकारों, आपूर्तिकर्ताओं, सेवा प्रदाताओं और वित्तदाताओं के बीच अवसरों का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित करना है .

गैलेक्सी एआई ने मल्टी-एजेंट इकोसिस्टम का किया विस्तार

इंदौर . सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने गैलेक्सी इकोसिस्टम में गैलेक्सी एआई का विस्तार करते हुए मल्टी-एजेंट इकोसिस्टम को और मजबूत करने की घोषणा की है . कंपनी का उद्देश्य यूज़र्स को अधिक विकल्प और बेहतर नियंत्रण देना है, ताकि वे अपने दैनिक कार्य कम मेहनत और अधिक स्वाभाविक तरीके से पूरे कर सकें . कंपनी के अनुसार, अब लोग अलग-अलग कामों के लिए कई तरह के एआई एजेंट्स का उपयोग कर रहे हैं . इसी बदलाव को देखते हुए, सैमसंग गैलेक्सी एआई को इस तरह विकसित कर रहा है कि यूज़र अपनी पसंद और जरूरत के हिसाब से अलग-अलग इंटीग्रेटेड एआई अनुभवों को चुन सकें . सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल एक्सपीरियंस बिजनेस के प्रेसिडेंट और आर एंड डी हेड, वॉन-जून चोई ने कहा हम एक खुले और समावेशी एआई इकोसिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो यूज़र्स को जटिल कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए अधिक विकल्प और नियंत्रण दे .

पेप्सिको ने 'रेवोल्यूशनारी' पहल के प्रभाव का विस्तार किया

इंदौर . समावेशी विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, पेप्सिको इंडिया ने कृदा हार्ट एन सॉयल फाउंडेशन के साथ साझेदारी में ग्रामीण भारत में महिला-केंद्रित कौशल विकास और आजीविका सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है . पेप्सिको इंडिया की 'पार्टनरशिप ऑफ प्रोग्रेस' फिलॉसफी पर आधारित इस पहल के माध्यम से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और दादरा एवं नगर हवेली सहित पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 272 गांवों में 55,000 से अधिक महिलाओं तक पहुंच बनाई गई है, जिससे स्थानीय परिस्थितियों पर आधारित टिकाऊ आजीविका को समर्थन मिला है . इस पहल पर यशिका सिंह, चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर एवं सस्टेनेबिलिटी हेड, पेप्सिको इंडिया और साउथ एशिया ने कहा पेप्सिको इंडिया में हमारा मानना है कि समावेशी विकास की शुरुआत समुदाय स्तर से होती है, जब महिलाओं को अपने भविष्य को आकार देने के लिए कौशल, आत्मविश्वास और अवसर मिलते हैं .

खाटू श्याम मंदिर पर रंगभरी एकादशी पर भजन संध्या

इंदौर . साजन नगर नवलखा स्थित खाटू श्याम नर्मदेश्वर शिव मंदिर पर रंगभरी ग्यारस, 27 मार्च को शाम 6 बजे से रंगारंग फाग महोत्सव मनाया जाएगा . मंदिर समिति के प्रमुख सुरेश रामपीपल्या एवं साजन नगर रहवासी संघ के अध्यक्ष सुजीत शर्मा ने बताया कि समाजसेवी विष्णु बिंदल, अरविन्द बागड़ी एवं राजेश बंसल के मार्गदर्शन में इस मौके पर भजन गायक सुनील शर्मा एवं उनके साथी मनोहारी भजनों की प्रस्तुतियां भी देंगे . मंदिर पर एकादशी के उपलक्ष्य में श्याम बाबा का भव्य एवं मनोहारी श्रृंगार कर 56 भोग भी समर्पित किए जाएँगे .

फोनपे ने लॉन्च किया एआई-आधारित सर्च फीचर

इंदौर . फोनपे ने आज एक नया एआई-पावर्ड नेचुरल लैंग्वेज सर्च फीचर लॉन्च किया है, जिसे माइक्रोसॉफ्ट फाउंड्री की मदद से बनाया गया है . इस फीचर की खासियत यह है कि अब फोनपे इस्तेमाल करने वाले लोग इन-ऐप टास्क को टेक्स्ट या वॉयस कमांड देकर कर सकेंगे . इससे ऐप को इस्तेमाल करना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा और हर यूजर को अपनी जरूरत के हिसाब से बेहतर अनुभव मिलेगा . इस लॉन्च के मौके पर फोनपे के को-फाउंडर, होल-टाइम डायरेक्टर और सीटीओ राहुल चारी ने कहा सालों से पेमेंट ऐप्स को केवल एक मशीन या टूल की तरह बनाया गया है, जिन्हें सिर्फ ट्रांजेक्शन के लिए बेहतर बनाया गया, न कि लोगों की सहूलियत के लिए . यह लॉन्च उस सोच को बदलने की दिशा में हमारा पहला कदम है . हमारा सपना है कि हर भारतीय के लिए डिजिटल पेमेंट आसान हो . एआई की मदद से हम एक ऐसा इंटेलिजेंट इंटरफेस तैयार कर रहे हैं जो आपकी जरूरत को पहले ही समझ जाए, इससे पहले कि आप उसे ऐप में ढूंढना शुरू करें .

फिजिक्सवाला के 15 छात्रों को 99+ पर्सेंटाइल

इंदौर . मध्य प्रदेश निवासी लक्ष्य कौशल ने जेईई मेन 2026 सेशन 1 में 99.95 पर्सेंटाइल हासिल की . वे इंदौर में फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के उन 15 छात्रों में शामिल हैं, जिन्होंने इस सेशन में 99 या उससे अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त की । शहर के अन्य टॉप परफॉर्मिंग पीडब्ल्यू छात्रों में आराध्या कर्मा (99.68 पर्सेंटाइल) और शिवम पाटीदार (99.61 पर्सेंटाइल) भी शामिल हैं । पीडब्ल्यू के टेक्नोलॉजी-समर्थित विद्यापीठ सेंटर से तैयारी करने वाले लक्ष्य ने फिज़िक्स में 99.85, केमिस्ट्री में 99.97 और मैथमेटिक्स में 98.85 पर्सेंटाइल हासिल की . फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू)के विद्यापीठ-ऑफलाइन के सीईओ अंकित गुप्ता ने कहा मेरा मानना है कि इस परीक्षा में उनका यह उत्कृष्ट प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का उचित प्रतिफल है . अब अगला लक्ष्य जेईई एडवांस्ड की तैयारी पर पूरा ध्यान देना है . वहीं, जिन छात्रों के परिणाम उनकी उम्मीदों के अनुसार नहीं आए, उनसे कहना चाहूंगा कि एक परीक्षा का स्कोर आपका भविष्य तय नहीं करता . इस परिणाम को फीडबैक की तरह लें और जेईई मेन 2026 सेशन 2 के लिए और बेहतर तैयारी करें .

शुभमन गिल बने बॉलर्स चैंपियन का नया चेहरा

इंदौर . एल्लाना पेट सॉल्यूशंस के किफायती प्रीमियम डॉग न्यूट्रिशन ब्रांड बॉलर्स ने अब बॉलर्स चैंपियन को बाजार में उतारा है . ये नई रेंज तंदुरुस्त और बेहद फुर्तीले कुत्तों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है जो किफायती मूल्य पर उपलब्ध है और जाने-माने क्रिकेट स्टार शुभमन गिल इसका चेहरा बने हैं . लॉन्च के मौके पर एल्लाना कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, मनीष बंदलिश ने कहा एल्लाना पेट सॉल्यूशंस में हमने ऐसी रेंज को पेश करने पर विशेष ध्यान दिया, जो सही मायने में लाइफस्टाइल की ज़रूरतों को पूरा करें . पालतू जानवरों की परवरिश करने वाले कई लोग अपने कुत्तों की चुस्ती-फुर्ती के स्तर में बदलाव महसूस करते हैं और अक्सर भरोसेमंद न्यूट्रिशनल सॉल्यूशन की तलाश में रहते हैं . चैंपियन को वैज्ञानिक तरीके से तैयार किया गया है जो पशु चिकित्सकों की कसौटी पर खरा उतरता है, और यह कुत्तों की सेहत का ख्याल रखने के साथ-साथ बेहद किफायती भी है .

पीएम मित्र पार्क योजना में निवेशकों के अनुसार होगा विकास

- एमपीआईडीसी की स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक

नव भारत न्यूज

इंदौर. आज एमपीआईडीसी ने पीएम मित्र पार्क योजना निवेशकों के साथ बैठक की. बैठक में निवेशकों को इकाइयों की स्थापना में किस तरह की सुविधाओं की जरूरत है, उसके अनुसार योजना का विकास करने की सहमति दी गई.

पीएम मित्र पार्क में 1326 एकड़ जमीन में से 1130 एकड़ जमीन 38 इकाईयों की स्थापना के लिए निवेशकों को आवंटित की जा चुकी है. उक्त 1130 एकड़ जमीन पर 21,500 करोड़ रुपए का निवेश एवं लगभग 55 हजार रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे. बैठक में प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश राघवेंद्र कुमार सिंह, प्रबंध संचालक चन्द्रमौली शुक्ला वी.सी. द्वारा एवं संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति के साथ ठेकेदार एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे. बैठक में पी.एम. मित्र पार्क के 35 इकाईयों के प्रतिनिधि शामिल हुए.

पांच पैकेज में किया विभाजित

बैठक में हिमांशु प्रजापति ने कहा कि 2063 करोड़ की लागत से विकसित होने वाले पीएम मित्र पार्क में अधोसंरचना विकास को पाँच पैकेज में विभाजित किया गया है. साथ ही पार्क के कोर इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे कि सड़क, पानी, बिजली, ड्रेनेज लाईन आदि के लिए 773 करोड़ की निविदा जारी कर एजेंसी द्वारा मौके पर कार्य किया जा रहा है. शेष सुविधाएं जैसे कि कॉमन इंफ्लूएंट ट्रीटमेन्ट प्लान्ट, रेसीडेंशल कॉम्पलेक्स, कॉमन स्टीम बॉयलर, प्लग एण्ड प्लै शेड, स्कूल, आई.टी.आई., अस्पताल, अनुशांगिक गतिविधि के टेण्डर लगाने से पहले इकाईयों से उनकी आवश्यकताएँ पूछी जाएगी, ताकि अधोसंरचना का अधिकतम उपयोग हो सके. साथ ही सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेस्टिंग एवं सर्टिफिकेशन फेसिलिटी, रिसर्च एण्ड डेव्हलपमेन्ट फेसिलिटी, स्कील्ड मेन पॉवर की आवश्यकता एवं उनके प्रशिक्षण, वेस्ट मैनेजमेन्ट लॉजिस्टिक हब एवं एनसिलेरी इकाईयों के विकास के संबंध में भी निवेशकों से चर्चा की गई.

जून 2027 तक का लक्ष्य

बैठक में प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने कहा कि सामान्यत: लगने वाले समय के उलट एमपीआईडीसी इस पार्क का विकास जून 2027 तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। साथ ही दिसम्बर 2027 तक इकाईयों को निर्माण पूर्ण कर उत्पादन प्रारंभ करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है.

सिंगल विण्डो सिस्टम द्वारा करेंगे मदद- बैठक में चन्द्रमौली शुक्ला ने कहा कि इकाईयों को साईट पर कार्य करने एवं अन्य किसी भी प्रकार की आवश्यकता को सिंगल विण्डो सिस्टम द्वारा एमपीआईडीसी मदद करेगा. बैठक में डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि इकाईयों को सस्टेनेबिलिटी एवं नवीनीकृत ऊर्जा के उपयोग एवं क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दिए जाने का आग्रह किया. डॉ. खाडे ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से हर प्रकार का सहयोग प्रदान किया जाएगा.

युवाचार्य महेन्द्र ऋषि का होली चातुर्मास प्रवेश कल

इंदौर. होली चातुर्मास हेतु श्रावक संघ ट्रस्ट महावीर भवन द्वारा विनती स्वीकार कर श्रमण संघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज एवं हितमित भाषी हितेन्द्र ऋषि महाराज का मंगल प्रवेश गांधी हाल जिला कोर्ट के पास से 26 फरवरी को प्रात: 7.30 बजे जुलूस के साथ महावीर भवन इमली बाजार पर होगा. जुलूस संयोजक रितेश कटकानी ने बताया कि 11 महिला मंडल अपनी-अपनी वेशभूषा में मंगल कलश एवं अन्य धार्मिक चिन्ह ले कर आगे-आगे चलेगें. स्थानकवासी युवक संघ के अध्यक्ष स्वप्नील संचेती ने बताया कि युवक संघ अपनी वेशभूषा में जयकारे, धार्मिक नारे लगाते हुये चलेगें. रमेश भंडारी, अचल चैधरी ने बताया कि उपप्रर्वतिनी दिव्य ज्योति जी महाराज का भी होली चातुर्मासिक प्रवेश भी साथ में होगा. डिपीन जैन, प्रकाश भटेवरा, हेमंत बोहरा, राजकुमार पंजाबी एवं ट्रस्ट मंडल ने समस्त संघों, समाजजनों से मंगल जूलूस में पधारने की अपील की है.

तालाबों की सफाई और पानी आने की चैनल साफ करने के निर्देश

- आयुक्त ने शहर के तालाबों का किया निरीक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. मंगलवार को निगमायुक्त ने शहर के तालाबों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने ने तालाबों की सफाई और पानी आने की चैनल साफ करने के निर्देश दिए. साथ ही तालाब परिसरों में डस्टबिन और कचरे के चेतावनी बोर्ड लगाने के भी आदेश दिए.

शहर में आने वाले बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा आज सुबह बिलावली, लिंबोदी, पिपलियापाला एवं सिरपुर तालाब निरीक्षण किया. आयुक्त सिंघल ने बारिश में जलभराव एवं जल निकासी समस्या को लेकर तालाबों की चैनल लाइन, इनलेट-आउटलेट और ओवरफ्लो होने वाली स्थानों का निरीक्षण किया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तालाबों की सभी पानी आने वाली चैनल की सफाई करने और तालाबों की तलहटी एवं आसपास जमा जलकुंभी, गाद, कचरा एवं अवांछित सामग्री को हटाने के निर्देश दिए.

चेतावनी बोर्ड और डस्टबिन लगाएं

आयुक्त ने सभी तालाब की विशेष अभियान चला कर कचरा साफ करने और तालाबों में कचरा नहीं डालने के चेतावनी बोर्ड और डस्टबिन लगाने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, श्रृंगार श्रीवास्तव, सहायक यंत्री आकाश जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

संत गाडगे बाबा का जन्मदिवस मनाया

इंदौर. स्वच्छता अभियान के जनक संत गाडगे बाबा की 150वी जयंती पर एमआर-9 रिंग रोड संत गाडगे चौराहे पर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा का जन्मदिवस मनाया गया. मुख्य अतिथि समाजसेवी कैलाश कनौजिया पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एबीडीएम व बीजेपी युवा मोर्चा के शहर महामंत्री अखिलेश निक्की राय थे. इस अवसर पर आयोजक संदीप धर्मराज लश्करी व हेमंत (राहुल) बुंदेला मित्रगण द्वारा अतिथियों स्वागत किया गया. साथ ही भोजन प्रसादी वितरण का किया गया. कार्यक्रम में बुंदेला रजक समाज इंदौर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत लशकरी, उपाध्यक्ष व भाजपा नेता नवीन वर्मा, सहसचिव देवीलाल लशकरी, महिला प्रचार मंत्री उमा लशकरी, संगठन की सोनल लशकरी, रजक संसार संपादक शिव कोदिया, फिल्म डायरेक्टर सुरेश बंजारिया, वशिष्ठ मालवीय पंचायत इंदौर अध्यक्ष मनीष गब्बर खाटवा, केवल मालवीय, पूरबिया समाज अध्यक्ष प्रकाश सिगोंडिया, पूर्व एल्डरमैन बंसीलाल चौरसिया, महिला जन जागृति की संगीता लश्करी, टीना सोलंकी आदि उपस्थित रहे. संचालन समिति के रुबल लश्करी ने किया. आभार धर्मराज लश्करी ने माना.

जनसुनवाई में ब्लड कैंसर से पीड़ित बच्ची ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

- कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

नव भारत न्यूज

इंदौर. आज जनसुनवाई में ब्लड कैंसर से पीड़ित बच्ची ने इलाज होने पर मुख्यमंत्री के धन्यवाद दिया. साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा महू गांव मुक्ति धाम की व्यवस्थाओं के लिए राशि देने पर आभार और दुर्घटना में घायल निगमकर्मी का बेहतर इलाज मुहैया कराने के आदेश दिए.

मंगलवार जनसुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा ने आमजन की समस्याएं सुनीं. जनसुनवाई के दौरान ड्युटी के समय दुर्घटना में घायल नगर निगम कर्मी किरण गर्दे के इलाज की समुचित और बेहतर चिकता सुविधा देने के लिए स्वस्थ विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए. जनसुनवाई में ब्लड कैंसर पीड़ित बच्ची अपने पिता श्रीकांत प्रजापत के साथ कलेक्टर के पास आई थी. बच्ची के पिता ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का धन्यवाद देते हुए कहा कि सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में बच्चों के उपचार की सभी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं. साथ ही बच्चों के मानसिक उत्साह हेतु प्ले जोन और अध्ययन की व्यवस्था भी है. इसी तरह महूगांव स्थित मुक्ति धाम की व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 2 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी. इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने क्षेत्र के रहवासी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे. उन्होंने कलेक्टर को पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया. जनसुनवाई में आम जन ने कई आवेदन दिए, जिसमें मुख्य रूप में प्लॉट, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता और रोजगार से जुड़े प्रकरण मुख्य थे. जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य, कल्याणी पांडे, रोशनी पाटीदार और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ने जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया.

एक नजर में

माहेश्वरी डीडवाना महिला मंडल का गौरव महोत्सव

रंगों की बौछार, फूलों का फाग...

इंदौर. श्री माहेश्वरी डीडवाना महिला मंडल 140 थोक ने अपने थोक के 125 वें गौरव महोत्सव के उपलक्ष्य में कई बहनों ने कान्हा के संग होली खेली.

अध्यक्ष आशा सिंगी, सचिव ज्योति मुछाल ने बताया कि पूरे कार्यक्रम की बागडोर संयोजक मीना मानधन्या व बबीता मूंदड़ा ने संभाली. थोक की सभी वरिष्ठ बहनों की उपस्थिति से कार्यक्रम में चार चांद लग गए. आभार प्रचार सचिव रानी राठी ने माना. इस अवसर पर मंजू भलिका, उर्मिला मूंदड़ा, पूजा मूंदडा, शशि पटवा, सुषमा मालू, पूनम मालपानी, सुधा मालू, सुधा मालपानी, अनु मुंदड़ा आदि उपस्थित थे.